卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 242 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦9 जून 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


## अनियंत्रित कार पोल से भिड़ी छात्र की मौत, साथी गंभीर

### एसएसपी मौके पर पहुंचे, पुलिस लाईन में कार्यरत हैं मृतक के पिता व घायल की माता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि नैनीताल मार्ग पर तीव्र गति से जा रही कार अनियंत्रित होकर मार्ग किनारे विद्युत पोल से जा टकराई। इस दुर्घटना में कार सवार एक छात्र की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए निजी चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। मृतक छात्र के पिता पुलिस लाईन में एएसआई पद पर कार्यरत हैं जबकि घायल युवक की माता पुलिस लाईस में चतुर्थ श्रेणी के पद पर कार्य कर रही हैं। मामले की सूचना मिलते ही एसएसपी सहित कई पुलिस अधिकारी मौके पर आ पहुंचे। जानकारी के अनुसार पुलिस लाईन के एएसआई रमेश चन्द्र का पुत्र ग्राम जयनगर दिनेशपुर निवासी 25 वर्षीय राकेश चन्द्र जो ग्रेजुएशन कर रहा है अपने साथी पुलिस लाईन में चतुर्थ श्रेणी के पद पर कार्यरत महिला परमेश्वरी देवी के पुत्र राजीव के साथ कार में सवार होकर गत रात्रि नैनीताल मार्ग पर से होकर जा रहे थे। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर मॉल के समीप मार्ग किनारे स्थित विद्युत पोल से जा टकराई। इस दुर्घटना में कार सवार दोनों दोस्तों को गंभीर चोटें आ गईं। उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां राकेश की मौत हो गई। जबकि राजीव की हालत



चिंताजनक देखते हुए उसे रैफर कर दिया गया। राजीव को एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। इधर मामले की जानकारी मिलते ही एसएसपी मंजूनाथ टीसी सहित कई पुलिस अधिकारी व कर्मी भी मौके पर आ पहुंचे और उन्होंने घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए घायल राजीव से मिल उससे घटना की जानकारी ली। सिड़कुल चौकी के एसआई मोहन चन्द्र भट्ट ने मृतक छात्र राकेश चन्द्र का शव अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। आज पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। मृतक छात्र राकेश दो भाईयों में बड़ा था। घटना से पुलिस महकमें में शोक की लहर व्याप्त है।

## उत्तराखंड में अब सेटेलाइट से पकड़े जाएंगे सरकारी जमीनों के अवैध कब्जे

देहरादून(उद संवाददाता)। सरकारी जमीनों पर धीरे-धीरे होने वाले अवैध कब्जे और अवैध निर्माण अब सेटेलाइट से पकड़े जाएंगे। सीएम पुष्कर सिंह धामी के निर्देश के बाद आईटीडीए व यूसैक ने इस पर काम शुरू कर दिया है। सभी विभाग अपनी जमीनों के रजिस्टर और डिजिटल इन्वेंटरी तैयार कर रहे हैं। खास बात ये है कि अब 25 सेंटीमीटर ऊंचाई तक के अवैध कब्जों की तस्वीर साफ हो सकेगी। पिछले दिनों सीएम ने सभी विभागों की जमीनों से अवैध कब्जे हटाने के लिए विशेष प्रयास करने, सेटेलाइट का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए थे। बड़े पैमाने पर सरकारी जमीनों को अवैध कब्जों से बचाने के लिए शासन ने एक आदेश जारी किया था। इसके तहत राजस्व परिषद के अध्यक्ष की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय और



सभी जिलों के डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। इसी आदेश के तहत उत्तराखंड अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (यूसैक) और सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी (आईटीडीए) ने काम शुरू कर दिया है।एक ऐसा पोर्टल तैयार किया जा रहा, जो हर तिमाही प्रदेश की सभी सरकारी जमीनों का सेटेलाइट डाटा लेगी। वेबसाइट से उसका मिलान होगा। जहां भी अवैध कब्जे होंगे, वहां के लिए यह सॉफ्टवेयर अलर्ट जारी कर देगा। उस अलर्ट के हिसाब से संबंधित जिले की टीम अवैध कब्जे हटाएगी और उसी वेबसाइट पर रिपोर्ट देगी। एआई आधारित प्रक्रिया में जमीनों पर अवैध निर्माण या कब्जों के तीन तरह के अलर्ट आएंगे। पहला अलर्ट महत्वपूर्ण चेतावनी होगी, जो अत्यधिक निर्माण या कब्जों पर आएगा। उससे कम कब्जों पर मध्यम और निम्नतम स्तर के अलर्ट आएंगे। सभी अलर्ट पर संबंधित जिलों के अफसरों को मौके पर जाकर कार्रवाई करने के बाद रिपोर्ट अपलोड करनी होगी।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत



काशीपुर(उद संवाददाता)। रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की दर्दनाक मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक पांडे कॉलोनी गोपीपुरा आरटीसी हेमपुर निवासी राजकुमार 28 वर्ष पुत्र प्रभु नाथ मेहनत मजदूरी करता है। पता चला है कि गत गुरुवार की शाम जरूरी कार्य वश रामनगर जाने के लिए वह गौशाला रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रहा था इसी दौरान आगरा फोर्ट की चपेट में आकर उसकी मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई। मृतक अविवाहित है। दो भाई दो बहन है। मृतक छोटा था।






## बदरीनाथ में तीर्थयात्री से पैसे लेते कर्मचारी को मंदिर समिति ने पकड़ा, 7 हजार लौटाये

चमोली(उद संवाददाता)। तीर्थयात्रियों को पैसे लेकर दर्शन कराने के मामले में श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति आरोपी अपने कर्मचारी पर तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति कर दी है। साथा तीर्थयात्रियों से किसी के झांसे में न आने की अपील की। उन्होंने कहा कि भगवान बदरीविशाल के दर्शन कराने के नाम पर तीर्थयात्रियों को ठग रहे है। जैसे-जैसे बदरीनाथ धाम की यात्रा में तेजी आई वैसे ही पैसे लेकर भगवान बदरीविशाल के दर्शन कराने को दलाल सक्रिय हो गए। इससे तीर्थयात्रियों में गलत संदेश जा रहा है। इन्हीं घटनाओं पर नजर बनाये बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति ने अपने ही कर्मचारी को दर्शन कराने के नाम पर पैसे लेते रंगे हाथो धर दबोचा। घटना गुरुवार की है जब मंदिर समिति के बदरीनाथ धाम प्रभारी अधिकारी अनिल ध्यानी के कार्यालय में लगी सीसीटीवी में मंदिर समिति के सफाई



हेड वीरू लाल छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश के तीर्थयात्रियों के पैसों का लेन-देन करते दिखाई दिया। मंदिर समिति के अवर अभियंता गिरीश रावत ने इस वाकये की जानकारी प्रभारी अधिकारी को दी। मंदिर समिति अधिकारियो ने बिना देर किए तीर्थयात्रियों को बुलाया और सफाई हेड वीरू लाल से आमने-सामने बात कराई। तीर्थयात्रियों ने लिखित आरोप लगाया कि उक्त वीरूलाल द्वारा उनसे दर्शन करने के लिए 7000 ( सात हजार रूपये ) नकद लिए है, जिस पर वीरू

## उत्तरकाशी में लव जिहाद का विरोध बीजेपी नेता ने परिवार सहित छोड़ा गांव

पुरोला(उद संवाददाता)। उत्तरकाशी जनपद के पुरोला में नाबालिग को भगाने की घटना के बाद समुदाय विशेष के खिलाफ जगह-जगह विरोध तेज हो गया है। इसी बीच भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद जाहिद ने भी परिवार सहित गांव छोड़ दिया।अपनी दुकान का सारा सामान समेट कर वह देहरादून चले गए। बुधवार देर रात उनकी पत्नी गुलशाना चार अन्य सहयोगियों के साथ दुकान खाली करते दिखी। उनके साथ छह अन्य लोगों ने भी अपनी दुकानें खाली कर दी। उनकी पत्नी ने कहा कि वो अपनी मर्जी से दुकान खाली कर रहे हैं। और कुछ लोगों ने यहां का माहौल खराब किया जिसका खामियाजा उन्हें भी भुगतना पड़ रहा है। नाबालिग को भगाने की घटना के विरोध में गुरुवार को भटवाड़ी ब्लॉक मुख्यालय के व्यापारियों व विभिन्न संगठनों ने बाजार बंद कर प्रदर्शन किया। साथ ही बाहरी व्यापारियों



को 15 दिन के भीतर दुकानें खाली करने को कहा। इसके बाद भवन स्वामियों से दुकानें खाली करवाई जाएगी। व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुबोध रतूड़ी ने कहा कि नगर में बाहरी व्यापारियों के राशन कार्ड और आधार कार्ड बिना पुख्ता जानकारी के बनाए जा रहे हैं जो यहां पर भी पुरोला जैसी घटना को दोहरा सकते हैं। इसके बाद भवन स्वामियों से दुकानें खाली करवाई जाएगी। इस दौरान उन्होंने तहसीलदार भटवाड़ी के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भेजा।

# एफआरआई के सेवानिवृत्त वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को नहीं मिल रही पेंशन

देहरादून(उद संवाददाता)। भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद के सेवानिवृत्त वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों की आम सभा बैठक गुरूवार को वन अनुसंधान संस्थान में आयोजित की गई। आईसीएफआरई की सेवाओं में समाहित केंद्र सरकार के कर्मचारियों को अप्रैल 2023 से पेंशन नहीं दी जा रही है। कर्मचारियों ने आईसीएफआरई और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय को कई बार प्रतिवेदन दिया है लेकिन पेंशन का मामला आज तक हल नहीं हुआ है। जबकिए वित्त मंत्रालय ने 24.05.2023 को एमओईएफ को लिखे अपने हालिया पत्र में सूचित किया है कि सीसीएस पेंशन नियम 1972 के नियम 37 बी के मद्देनजर केंद्र सरकार के उन कर्मचारियों की पेंशन जो केंद्र सरकार में पेंशनभोगी थे और बाद में आईसीएफआरई के गठन के परिणामस्वरूप आईसीएफआरई में समाहित हो गए उनकी पेंशन का दायित्व भारत सरकार का है और उन्होंने पहले ही 30.01.2019 को एमओईएफ को सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी दे दी है लेकिन इस संबंध में एमओईएफ ने एमओएफ से बजट की मांग नहीं की है। अब सेवानिवृत्त वैज्ञानिकों अधिकारियों कर्मचारियों के आम सभा में आज इस मुद्दे के प्रति अपनी नाराजगी दिखाई क्योंकि कोई भी प्राधिकरण विशेष रूप से एमओईएफ इस संवेदनशील और आजीविका संबंधी मुद्दे पर गंभीर नहीं दिख रहा है। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से अपनी पेंशन समस्या के स्थायी समाधान की मांग की और अभ्यावेदन प्रस्तुत करने का निर्णय लिया।



# ऐच्छिक ब्यूरो ने पांच माह में 277 मामलों का किया निस्तारण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी की अध्यक्षता में ऐच्छिक ब्यूरो ने पारिवारिक मामलों की काउन्सलिंग कर वर्ष 2023 में अब तक 127 परिवार को एक किया। वहीं कुल 277 मामलो का निस्तारण किया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में पारिवारिक रिश्तोंको बिखरने से बचाने हेतु महिला ऐच्छिक ब्यूरो के डॉ. युवराज पन्त (मनोवैज्ञानिक) काउन्सलर, डॉ. प्रभा पन्त (शिक्षाविद), प्रो. सदस्य एच्छिक ब्यूरो, राम सिंह बसेड़ा (अधिवक्ता) पूर्व अध्यक्ष बार एसोशिएसन हल्द्वानी, डॉ. बहादुर सिंह बिष्ट (समाजशास्त्री) की उपस्थिति में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय बहुउद्देश्यीय भवन में महिला ऐच्छिक ब्यूरो टीम की गोष्ठी आयोजित की गयी।प्रभारी महिला समाधान केन्द्र हल्द्वानी श्रीमती सुनीता कुँवर द्वारा महिला हेल्प लाईन में कई मामलों का निस्तारण करने के उपरान्त 10 जटिल प्रकरणों को ऐच्छिक ब्यूरो के समक्ष रखा गया। जिनमें एच्छिक ब्यूरो टीम द्वारा 2 मामलों का निस्तारण, 02 मामलों में एफआईआर दर्ज कराने तथा 6 प्रकरण में ब्यूरो द्वारा दोनों पक्षों को आपसी सहमति ना बन पाने तथा रिश्ते बचाने के लिए सोच-विचार का समय देते हुए अग्रिम तिथि दी गई। ऐच्छिक ब्यूरो महिला समाधान टीम के अथक प्रयास से वर्ष 2023 में पति-पत्नी के मध्य आपसी मनमुटाव व कलह को दूर कर हंसी-खुशी परिवार के साथ रहने के लिये 127 जोड़ों को शुभकामनाओं सहित विदा किया गया। साथ ही कुल 277 मामलों का निस्तारण किया गया।पारिवारिक तनाव को सुलह समझाईश से बांधने का कार्य महिला ऐच्छिक ब्यूरो टीम एवं महिला समाधान प्रभारी उनि सुनीता कुँवर व टीम महिला आरक्षी चम्पा रावत एवं कमला गोस्वामी द्वारा किया जा रहा है।



# भाजयुमो ने आयोजित किया नवमतदाता सम्मेलन

रुद्रपुर( उद संवाददाता। आज जिला भाजपा मुख्यालय रुद्रपुर में महासंपर्क अभियान के निमित्त नवमतदाता सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन युवा मोर्चा द्वारा जिला कार्यालय बिगवाड़ा पर किया गया, वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा रहे कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर हुआ, आपको बता दे मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर महासम्पर्क अभियान के निमित नवीन मतदाता सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमे विधायक शिव अरोरा ने नवीन मतदाताओं को सम्बोधित करते हुआ कहा भारतीय जनता पार्टी सेवा, सुशासन ओर गरीब कल्याण को समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 साल में हर वर्ग, हर क्षेत्र तक विकास कार्यो को ले जाने का जो कार्य किया है वह किसी से छुपा नही है उन्होंने कहा हमारी सरकार लगातार जनहित से जुड़े कार्य को करने का कार्य किया है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की तसवीर बदली है जहाँ बात करे हर घर नल से जल हो या फिर सड़को का जाल से लेकर अनेको ऐसी योजनाएं देश मे चल रही है जिसका लाभ हमारी युवा पीढ़ी को भी मिला है निश्चित रूप से हमारे नवीन मतदाता देश का भविष्य हैं और हमको उम्मीद है देश के उज्वल भविष्य के लिये एक बार फिर देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनने जा रहा है और एक बार फिर देश मे मोदी के नेतृत्व वाली पूर्ण बहुमत की सरकार जनता पुन: बनाने जा रही है, विधायक ने सभी युवा मतदातों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके बेहतर कल के बधाई दी। इस दौरान जिला महामंत्री भाजयुमो बिट्टू चौहान, जिला उपाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक रजत दीक्षित, शंकर विश्वास, विजय डे, नमन चावला, गोविंद शर्मा, आदेश भरद्वाज, रवि दिवाकर, सोनू सैनी, जितेंद्र सन्धु, मनमोहन सिंह, राघव व सभी नवमतदाता बंधु उपस्थित रहे।



# चिंता का परित्याग कर प्रभु स्मरण करते हुए करें कर्म : हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व संत श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने आज यहाँ ए. एन. झा इंटर कॉलेज करनपुर में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि परमात्मा एक है उनके नाम, उपासना पद्धतियां विभिन्न हो सकती हैं हम सभी उस एक ही सर्व शक्तिमान की संतान है जो जीव मात्र का परम सुहृदय व हितैषी है। कर्म के साथ साथ उसमें पूर्ण व दृढ़ विश्वास करो। प्रभु की कृपा निश्चय ही समस्त बन्धनों, समस्त विपत्तियों व समस्त कठिनाइयों से उबार लेगी। उन्होंने कहा कि कैसा भी पापी यदि प्रभु शरण में आ जाए तो वे उसे साधु या भक्त बना लेते हैं ।उसे सनातन शांति मिल जाती है। उस भक्त का कभी पतन नहीं होता व उनकी कृपा सारे संकटों से अनायास ही उबार लेती है। संकट या विपत्तियों का निवारण करने के लिए बाहरी निर्दोष उपाय करने में कोई बुराई नहीं है परंतु उससे विपत्ति नाश हो ही जाएगी ये दावे से नहीं कहा जा सकता। क्योंकि उसमें अत्यंत सीमित व शुद्ध शक्ति होती है। यदि प्रयास के साथ साथ ईश्वर की महानता पर भी विश्वास हो तो निश्चय ही हम दुखों से मुक्त हो सकते हैं। अत: प्रतिकूल परिस्थितियों में जब चारों ओर केवल निराशा और घोर अंधकार ही दिखाई दे, अशांति की भयानक आँधी हो उस समय पूर्ण दृढ़ विश्वास के साथ प्रभु चिंतन करते हुए चिंताओं का परित्याग करके अपना कर्म करो। अपने सुख दुख संसारिक प्राणियों के सामने रोने के बजाय सद्गुरु या परमात्मा के सामने ही रोने चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतर्दृष्टि (दिव्य नेत्र) खुलने पर परमात्मा या आत्मा का स्वरूप दिखाई देगा। बाह्य चर्म नेत्रों से बाह्य चर्म इत्यादि ही दिखता है। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति की बुद्धि ज्ञान के अंधकार से ढक जाती है वह व्यक्ति परिणाम, हानि, हिंसा या अपनी क्षमता का विचार ना करके मनमाने कर्म करता हुआ निकृष्ट गति की ओर जाता है। वह अधर्म को धर्म समझता है हानि में लाभ, पतन में उन्नति, असंतोष में सुख को मान बैठता है। वह कर्तव्य के स्थान पर अधिकार और त्याग के स्थान पर भोग को महत्व देता है। उसके सभी कार्य अनर्गल, अवैध व आसुरी भावना से संपन्न हो जाते हैं। महाराज जी के दर्शनार्थ व दिव्य अमृतमय प्रवचनों को सुनने के लिए हजारों की संख्या में भक्तजन यहाँ पहुँच रहे हैं । सारा वातावरण श्री गुरु महाराज, कांमा के कन्हैया व लाठी वाले भैया की जय जयकार से गुंजायमान हो उठा।



# विद्यार्थियों ने किया नैनी पेपर्स लिमिटेड का औद्योगिक भ्रमण

काशीपुर( उद संवाददाता)। बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज काशीपुर के बीकॉम( ऑनर्स) एवं बीबीए के विद्यार्थियों ने दिनांक 8 जून 2023 को मुरादाबाद रोड स्थित पेपर निर्माण करने वाली क्षेत्र की सबसे अग्रणी औद्योगिक इकाई नैनी पेपर्स लिमिटेड का औद्योगिक भ्रमण किया। उक्त जानकारी देते हुए संस्थान की यू जी विभाग की प्राचार्य डॉक्टर निमिषा अग्रवाल ने बताया कि संस्थान के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी आनंद सिंह एवं सिमरन सेठी के नेतृत्व में गए उक्त छात्र छात्राओं के दल को सर्वप्रथम कंपनी के प्रोसेस मैनेजर श्री नरेंद्र कंबोज द्वारा प्लांट का भ्रमण कराया। साथ ही विद्यार्थियों को पेपर निर्माण की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए उसके प्रोडक्शन, डिस्ट्रीब्यूशन एवं मार्केटिंग की संपूर्ण जानकारी देते हुए प्लांट में निर्मित होने वाले सभी प्रकार के कागज के किस्मों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर संस्थान के तकनीकी निदेशक श्री मुकेश त्यागी भी मौजूद रहे अंत में इकाई के मैनेजर और तकनीकी निदेशक ने विद्यार्थियों के उत्सुक सवालों के जवाब भी दिए। औद्योगिक भ्रमण लौटे विद्यार्थी काफी उत्साहित हैं। ज्ञात रहे इससे पूर्व भी संस्थान द्वारा क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों में औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम होते रहे हैं जिससे विद्यार्थियों को वर्तमान परिवेश में उद्योगों के क्षेत्र में होने वाले परिवर्तनों के बारे में संपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सके। प्रबन्ध समिति का लगातार इस दिशा में प्रयास रहता है कि विभिन्न कंपनियों का भ्रमण कराते रहे जिससे विद्यार्थियो का औद्योगिक विकास तेजी से हो सके।



# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती हुई लापता

काशीपुर। एक युवती घर से बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पुलिस ने सूचना के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब युवती का पता लगाना शुरू कर दिया। पता चला है कि मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी थाना साबिक निवासी स्वर्गीय सफदर हुसैन की पुत्री गुलअफशा बीते दिनों अचानक घर से बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने तमाम संभावित स्थानों पर तलाश के बाद मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर गायब युवती का पता लगाना शुरू कर दिया।

# दहेज मांग पूरी नहीं होने पर किया विवाहिता का गर्भपात

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दस लाख रूपये नगद और कार की दहेज मांग पूरी न होने पर ससुरालियों द्वारा विवाहिता का उत्पीड़न करने के साथ ही उसका गर्भपात करा दिये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने प्रभारी, महिला एवं बाल हेल्प लाईन, रूद्रपुर के निर्देश पर पीड़िता की ओर से आरोपी ससुरालियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में पीड़िता ने कहा है कि उसका विवाह 13 फरवरी 2020 को हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार प्रदीप कुमार पुत्र श्याम लाल निवासी इन्द्रानगर, नवाबगंज जिला बरेली के साथ सिटी क्लब रूद्रपुर में सम्पन्न हुआ था। विवाह में करीब पच्चीस लाख रुपये खर्च किये थे। विदा होकर ससुराल पहुँचने के दो दिन बाद ही पति एवं ससुरालीजन उसे कम दहेज लाने का ताना देते हुये कहने लगे कि शादी में 15 लाख रुपये व महंगी गाड़ी न देकर समाज में मान व प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचाई है अगर अपने मायके वालो से हमें दहेज में 10 लाख रूपये और एक महंगी गाडी लाकर नहीं देगी तो तुझे इस घर में सुखचौन से रहने नहीं देगें। जिसके बाद उसे तरह-तरह से परेशान करने लगे इसी बीच वह गर्भवती हुई तो पति एवं ससुराल वालों द्वारा उससे मारपीट की गई और कोई पौष्टिक आहार नहीं दिया। ससुराली कहते थे अगर हमारी मांग पूरी करा नहीं सकती तो तुझे मां बनने का दर्जा प्राप्त नहीं होने देगें और जबरन गर्भपात करा दिया। पीड़िता का कहना है वह जो कि कार्य करती थी उसकी कमाई भी उक्त लोग जबरन छीन लेते थे। 4 मार्च 2023 को पति प्रदीप कुमार, ससुर श्याम लाल, सास विजय लक्ष्मी, ननद प्रभा एवं देवर संदीप कुमार ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुये उसे घर से मारपीट कर निकाल दिया और धमकी दी कि अगर बिना मांग पूरी किये आई तो तुझे रसोई में जलाकर मार देगें। यहां आकर अपने मायके वालो को बताई। जिन्होंने भी उन्हें समझाने बुझाने का प्रयास किया परन्तु उन्होंने उसके मायके वालों व साथ गये लोगो के साथ अभद्रता व मारपीट की। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कार्य कर लौट रहे मॉल कर्मी पर किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत रात्रि मॉल की एक दुकान में कार्य समाप्त कर साथी के साथ स्कूटी पर सवार होकर घर वापस लौट रहे युवक पर कुछ युवकों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में संजू पुत्र विजय बहादुर निवासी लालपुर रामेश्वरपुर थाना किच्छा ने कहा है कि वह मैट्रोपोलिस मॉल स्थित एक दुकान में कार्य करता है। 7 जून को रात्रि लगभग 10 बजे दुकान से काम समाप्त कर दोस्त सौरभ के साथ अपने घर की ओर वापस जा रहा था। रेडिसन होटल से कुछ आगे उसकी स्कूटी के पीछे से आती हुई मोटरसाईकिल संख्या यूके 06 एक्स 9417 पर सवार दो लड़के आकाश पुत्र जसवन्त सिंह ठाकुर निवासी आवास विकास तथा गौरव ने उसकी स्कूटी के आगे अपनी मोटरसाईकिल लगा दी तथा उसके साथ मारपीट शुरु कर दी। इतने में उनके अन्य साथी भी आ गए जिनमे से प्रीत विहार निवासी कल्लो का लड़का बॉबी भी था। सभी ने मिलकर धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया जिसमें वह बुरी तरह से घायल हो गया। साथी सौरभ ने बडी मुश्किल ने उसे लोगों के चंगुल से छुडाया। आस-पास के लोगों के इकट्ठा हो जाने से हमलावर जान की मारने की धमकी देते हुए वहाँ से भाग निकले। सूचना देने पर पहुंचे पुलिसवालों ने उसे चिकित्सालय पहुंचाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# वाहन चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया पुलिस टीम ने उनके कब्जे से चोरी की एक बाइक को बरामद करने में भी सफलता हासिल की है। वाहन चोरों का अपराधिक इतिहास भी बताया जा रहा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। शुक्रवार को थानाध्यक्ष राजेश पांडे ने वाहन चोरी मामले का खुलासा करते हुए बताया कि स्वर्ण सिंह पुत्र प्रताप सिंह निवासी नमूना भजपुरी थाना बाजपुर ने एक तहरीर के द्वारा बताया कि बीते 04.06.2023 गूलरभोज डैम के पास से किसी अज्ञात चोर



उनकी मो० साईकिल प्लैटिना रजि0 नम्बर UK 06P 6517 को चोरी कर लिया गया था। उक्त मो0 साईकिल चोरी की घटना के अनावरण हेतु एसएसपी डॉ मंजूनाथ टी सी के दिशा निर्देशन तथा थानाध्यक्ष राजेश पांडेय के नेतृत्व मे तत्काल पुलिस टीम का गठन किया गया। थानाध्यक्ष राजेश पांडे ने बताया कि मामले की जांच गूलरभोज चौकी प्रभारी राकेश कथायत को सौंपी गई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि बीते गुरुवार को राकेश क टायर पुलिसकर्मियों के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे उसी दौरान एक बिना नंबर की बाइक पर दो युवकों को संदिग्ध अवस्था में घूमता देख पुलिसकर्मियों ने बाइक सवार युवकों को रोकने का प्रयास किया बाइक सवार पुलिस टीम को देख भागने लगे परंतु पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर दोनों युवकों को बाइक सहित दबोच लिया पूछताछ में दोनों युवकों ने अपना नाम मंगल पुत्र दर्शन सिंह निवासी ग्राम गुलाब का मजरा एवं दूसरे युवक ने अपना नाम जसवंत सिंह निवासी कंगन घड़ी जिला रामपुर बताया थानाध्यक्ष राजेश पांडे ने बताया कि पूछताछ में दोनों युवकों ने बताया कि उन्होंने लकड़ी की तस्करी के इरादे से बाइक चोरी की थी पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के उपरांत माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने के उपरांत जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राजेश पांडे, एसआई राकेश कठायत, कॉन्स्टेबल दीपक जोशी, रघुवर सिंह आदि थे।

# नशीले इंजेक्शनो के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी के नेतृत्व में बनभूलपुरा पुलिस टीम द्वारा अवैध नशे के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एक नशे के सौदागर को नशीले इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में उनि संजीत कुमार राठौड, कानि. दिलशाद अहमद, भूपेन्द्र ज्येष्ठा क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मछली बाजार घास मंडी में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूमता दिखाई दिया। संदेह होने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता मौ. वसीम उर्फ राजू



काली पुत्र निजामुद्दीन निवासी इन्द्रानगर बढी रोड ख्वाजा कालोनी, बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 36 नशे के इंजेक्शन बरामद हुए। पुलिस ने इंजेक्शन कब्जे में लेकर मो. वसीम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने बताया कि मो. वसीम के विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# सीनियर सिटीजन महिला से मिलने पहुंचे एसएसपी दिलीप सिंह कुंवर

देहरादून(उद संवाददाता)। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर गुरुवार को व्यक्तिगत रूप से डालनवाला इलाके में 85 वर्षीय सुपर सीनियर सिटिजन सुमंगला देवी से मिलने गए। जिन्हें उनके बच्चों द्वारा कथित रूप से परेशान किया जा रहा था। वह लखनऊ में एक सेवानिवृत्त डीआईजी की बहन हैं जिन्होंने अपनी स्थिति के बारे में एसएसपी से संपर्क किया। उन्होंने उसे बताया कि सुमंगला देवी, जो ठीक से चल भी नहीं सकती।उनके पांच बच्चे हैं, लेकिन उनमें से कोई भी उनकी देखभाल नहीं करता है और इसके बजाय उसे रोजाना विभिन्न तरीकों से परेशान और प्रताड़ित करता है। एसएसपी ने डालनवाला थाना प्रभारी को मामले की जांच के आदेश दिए तो पता चला कि पीड़िता के चार बेटे और एक बेटी समेत



पांच बच्चे हैं. जांच में पता चला कि उसका एक बेटा राजेश अपने परिवार के साथ अपनी मां के घर में रहता है लेकिन वह अपनी मां की देखभाल नहीं करता है। अधिकारियों के अनुसार, वह उसे अपने बेटे हरीश और बेटी सीमा से भी नहीं मिलने देता, जो उसकी देखभाल करने के लिए तैयार हैं। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस के हस्तक्षेप के बाद, राजेश ने अपनी मां का घर छोड़ दिया और किराए पर कहीं और रह रहा है। उन्होंने कहा कि हरीश अब अपनी मां के साथ रह रहा है और सीमा जब चाहे अपनी मां से मिल सकती है। एसएसपी ने गुरुवार को सुमंगला देवी से मुलाकात की और उन्हें अपना बेटा मानने को कहा। उसने उसे अपना नंबर भी दिया और किसी भी तरह की परेशानी होने पर उससे संपर्क करने का अनुरोध किया। उन्होंने थाना प्रभारी को भी उनके संपर्क में रहकर हर संभव मदद करने का निर्देश दिया है ।

# सत्यापन नहीं करने पर 11 भवन स्वामियों पर कार्रवाई

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।एसएसपी के आदेशानुसार पुलिस ने सत्यापन अभियान को आगे बढ़ाते हुए गत दिवस प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के दिशा निर्देशन एवं चौकी प्रभारी राजपुरा के नेतृत्व में शहर के राजपुरा क्षेत्र अंतर्गत पुलिस बल एवं पीएसी के साथ संयुक्त रूप से सत्यापन अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिकाधिक लोगों को पुलिस सत्यापन कराने हेतु जागरूक किया गया एवं अपने निवास स्थलों में निवासरत किरायेदारों का सत्यापन ना कराने की स्थिति में 8 मकान मालिकों के विरुद्ध 81 पुलिस अधिनियम के अंतर्गत चालानी कार्यवाही एवं 3 मकान स्वामियों के विरुद्ध 83 पुलिस अधिनियम के अंतर्गत 10- 10 हजार रुपए के कोर्ट चालान किए गए।



# कार न लाने पर विवाहिता को जिंदा जलाने की दी धमकी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विवाह में दहेज में कार न मिलने से रोषित ससुरालियों ने विवाहिता को उसके मायके छोड़ यह धमकी दे दी कि यदि कार लेकर नहीं आयी तो जिंदा जला देंगे। पीड़िता द्वारा महिला हेल्प लाईन में गुहार लगाने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। दर्ज रपट में पीड़िता ने कहा है कि उसका विवाह 30 जनवरी 2022 को सूरज सिंह उर्फ राहुल पुत्र दुर्गेश सिंह निवासी आवास विकास कालौनी मुरादाबाद के साथ सम्पन्न हुआ था। विवाह के समय मायके वालो ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार काफी दान दहेज दिया था। लेकिन उसके ससुराल वाले खुश नहीं थे । विवाह के अगले दिन ससुराल पहुंची तो पति सूरज सिंह, ससुर दुर्गेश सिंह, सास श्रीमती मंन्दु देवी, जेठ अजे सिंह, जेठानी सुषमा तथा नन्द संतोष सिंह ने उसे बेइज्जत किया तथा शिफ्ट डिजायर कार की मांग की । कहने लगे यदि मायके से शिफ्ट डिजायर कार लेकर नहीं आई तो तुझे इस घर में नहीं रहने देंगे। विवाह के दो दिन बाद पति एवं सास ससुर उसे मायके छोड़ गए तथा कह गए कि कार का इंतजाम हो जाए तो बोल देना नहीं तो अपनी बेटी को अपने घर रखना। मायके वालो ने कई बार पंचायत आदि कर पति व ससुराल वालों को समझाने का प्रयास किया वह अपनी जिद पर अड़े रहे। साथ ही धमकी देकर कहने लगे यदि ये बगैर शिफ्ट डिजायर कार के हमारे घर आई तो हम इसे जिंदा जला देंगे। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विहिप दुर्गा वाहिनी का शौर्य प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।विहिप उत्तराखंड दुर्गा वाहिनी प्रांत शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का लक्ष्मी शिशु मंदिर में समापन किया गया। वर्ग का शुभारंभ 1 जून को किया गया था। जिसमें उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों से 150 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में बालिकाओं को मानसिक,शारीरिक, बौद्धिक जैसे कई महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिए गए। वर्ग में राष्ट्रीय संयोजिका प्रज्ञा महाला ने सनातन संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए बहनों का मार्गदर्शन किया। श्रीमती रीना क्षेत्र संयोजिका ने भारत



के गौरवशाली इतिहास से अवगत कराया। केंद्रीय सह मंत्री स्नेहपाल ने विश्वहिंदू परिषद स्थापना के उद्देश्य के विषय में जानकारी दी। उत्तराखंड की वर्तमान परिस्थिति पर विहिप प्रांत संगठन मंत्री अजय का उद्‌बोधन प्राप्त हुआ।वर्ग के दौरान विहिप प्रांत उपाध्यक्ष दीवान फर्त्याल, विहिप प्रांत मंत्री विपिन चंद्र पांडेय, प्रांत सह मंत्री धीरेन्द्र शर्मा, रनदीप पोखरिया का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। वर्ग के छठे दिन सभी बालिकाओं को केरला स्टोरी फिल्म दिखाई गई। समापन कार्यक्रम में विहिप क्षेत्र संगठन मंत्री सोहन सोलंकी का उद्‌बोधन एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। समापन कार्यक्रम के बाद सभी प्रशिक्षार्थियों द्वारा शौर्य संचालन किया गया जो लक्ष्मी शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर सिंधी चौराहा होते हुए वापस लक्ष्मी शिशु मंदिर पर समाप्त हुआ।

# मारपीट के आरोपी को चार साल का सश्रम कारावास

बागेश्वर,(उद संवाददाता)।जिला एवं सत्र न्यायाधीश आरके खुल्बे की अदालत ने जान से मारने की नीयत से हमला करने के आरोपी को चार साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है,साथ ही आरोपी पर 40 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड जमा करने पर 35 हजार की राशि पीड़ित को प्रदान की जाएगी। आरोपी के द्वारा अर्थदंड जमा नहीं करने पर उसे छह महीने का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। तीन अगस्त 2021 को कपकोट थाना क्षेत्र के रीमा चौकी में खुशाल राम पुत्र लछम राम निवासी किड़ई ने तहरीर देकर बताया कि उनके गांव के चंदन सिंह पुत्र दीवान सिंह ने मेरे भाई गोविंद राम के साथ जान से मारने की नीयत से मारपीट की और लोहे की सरिया से उसके सिर, पीठ, हाथ और चेहरे पर वार किया। घटना में भाई का बांया हाथ फ्रैक्चर हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 325, 307, 504 और 506 के तहत केस दर्ज किया। न्यायालय में अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता गोविंद बल्लभ उपाध्याय और सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता चंचल सिंह पपोला ने मामले की पैरवी करते हुए 15 गवाह पेश कराए। न्यायालय ने आरोपी को धारा 325 के तहत चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई, जबकि धारा 307,504 और 506 में दोषमुक्त करने का फैसला सुनाया।

# व्यापारी पसरीचा के सिर में लगी थी गहरी चोट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत प्रात: बैड से गिरकर नगर के एक व्यापारी के हुई मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में गहरी चोट होना बताया गया है। संभवत: बैड से गिरने से रोहित के सिर में आई गहरी चोट उनकी मौत का कारण बनी। गौरतलब है कि गत प्रात: मुख्य बाजार के कपड़ा व्यापारी सिंह कालोनी निवासी 40 वर्षीय रोहित पसरीचा ने रोज की तरह सुबह उठकर योग किया था और उसके बाद चाय पी। बाद में वह आराम करने को बैड पर लेट गये। कुछ ही देर में रोहित अचानक बैड से नीचे आ गिरे और बेहोश हो गये। परिजन उन्हें उपचार के लिए एक निजी चिकित्सालय ले गये। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। बताया जाता है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक रोहित पसरीचा के सिर में गंभीर चोट होना पाया गया है। जो संभवत: उनकी मौत का कारण बना।

# चोरों ने सीसीटीवी कैमरे के वायर उखाड़े

काशीपुर। बांसफोड़ान पुलिस चौकी क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने दुकान के समीप लगे सीसीटीवी कैमरे को वायर समेत उखाड़ लिया और मौके से भाग खड़े हुए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला अल्ली खां निवासी मोहम्मद तनवीर पुत्र शब्बीर अहमद ने बताया कि बीते 6 जून को अल्ली खां स्थित उसकी दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को अज्ञात चोरों ने वायर समेत चोरी कर लिया। पुलिस ने इस मामले में घटना की 3 दिन बाद अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे– छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत बनेगा विश्व गुरु : अजय भट्ट

गदरपुर(उद संवाददाता)। भाजपा के संगठनात्मक जिले काशीपुर के अंतर्गत गदरपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं के वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे केंद्रीय रक्षा मंत्री व भाजपा सांसद अजय भट्ट ने कहा कि प्रदेश और देश में भाजपा की सरकारें नित नए दिन नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के 9 वर्ष के कार्यकाल में जनकल्याण से जुड़ी तमाम योजनाओं का शुभारंभ हुआ जिससे हर वर्ग की जनता आच्छादित है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व के सम्मुख समूचा विश्व नतमस्तक हो रहा है और पूरे देश में नरेंद्र मोदी के नाम का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हर वर्ग और हर समाज को



ध्यान में रखकर कार्य योजनाएं तैयार की हैं। वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को शाल ओढ़ाकर सम्मानित करने के उपरांत अजय भट्ट ने कहा कि किसी भी संगठन के लिए कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा है और भाजपा संगठन के लिए वरिष्ठ कार्यकर्ता उसकी मजबूत नींव के समान हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जनपद प्रभारी सुरेश भट्ट ने कहा कि कार्यकर्ताओं की बदौलत भाजपा देश की नंबर एक पार्टी बनाने में कामयाब हुई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में सदस्यता अभियान से जुड़कर भूत इकाइयों को मजबूत और सक्रिय बनाने पर जोर दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल दिशा नेतृत्व में प्रदेश और केंद्र सरकार हर वर्ग की कसौटी पर खरी उतर रही है। वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान 200 से अधिक कार्यकर्ताओं को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा गदरपुर मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना ने किया। इस अवसर पर नगर पंचायत गूलरभोज की चेयर पर्सन अनीता दुबे, अशोक हुडिया, भोला शर्मा चंद्रकांत मंडल, हरबंस लाल छाबड़ा, संजीव अनेजा, लाखन सिंह, नरेश हुड़िया, मदन कालड़ा, सुरजीत सिंह, रिजवान हुसैन, महेश मुरादिया, राजेंद्र शर्मा, कपिल अरोरा, रवि, अभिषेक वर्मा, परमजीत सिंह पम्मा, ज्योतिराज, पूनम ग्रोवर, कुलबीरी चौधरी, राजबाला चौहान मानसी शर्मा, मीनाक्षी श्रीवास्तव, रीना शर्मा, लक्ष्मी चौहान, रेनू बिष्ट सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राज्यपाल ने लॉच की नई वेबसाईट

नैनीताल(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को राजभवन में अपनी नई वेबसाइट www.ltgengurmitsingh.co.in को लांच किया। वेबसाइट में विचार एवं दृष्टि, राज्यपाल से संवाद और सामाजिक पहल सहित कई खंड हैं।



वेबसाइट में जहाँ राज्य सरकार एवं भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न उपयोगी योजनाओं से संबंधित वेबसाइट का भी लिंक उपलब्ध कराया गया है वंही राजभवन के न्यूज लेटर भी विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराये गए हैं। वेबसाइट पर राज्यपाल से संबंधित सूचनाएं, उनके भाषण, साक्षात्कार एवं संदेश तथा फोटो गैलरी में विभिन्न कार्यक्रमों के चित्र उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त वेबसाइट में राज्यपाल के सामाजिक जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों और यात्राओं के बारे में नवीनतम जानकारियों को भी सम्मिलित किया गया है। वेबसाइट लांचिंग के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी व तकनीकी के युग में संचार-सुविधाओं का समुचित लाभ जन-जन तक पहुंचना बहुत जरूरी है। मेरा हमेशा प्रयास रहता है कि सोशल मीडिया के माध्यम से आम जनता से अधिक से अधिक जुड़ सकूं। यह वेबसाइट जो आज लांच की गई है, उसके माध्यम से राजभवन से संबंधित सभी प्रकार की महत्वपूर्ण सूचनाएं, प्रकाशन, अभिलेख आदि सर्वसुलभ हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य के सभी विश्वविद्यालय की वेबसाइटों से इस वेबसाइट की इंटरलिंकिंग हो जाने से राज्य के विश्वविद्यालयों से संबंधित सूचनाएं भी इच्छुकों को सहज रूप से उपलब्ध हो जाएगी। राज्यपाल ने कहा कि 21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण में दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला अपनी विरासत पर गर्व करना और दूसरा विकास के लिए हर संभव प्रयास करना। हम इस सोच के साथ निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। योग-आयुर्वेद, अध्यात्म, ऑर्गेनिक फार्मिंग और जीरो बजट नेचुरल फार्मिंग भविष्य है, आर्टिफिशियल इंटलिजेंस, वर्चुअल रियलिटी, ड्रोन टेक्नोलॉजी अब भविष्य की बात नहीं हैं, यह वर्तमान में हो रहा है, इसको और विकसित करना ही होगा, कोविड के बाद ऑनलाइन और वर्चुअल शब्द कॉमन हो गए हैं, उत्तराखण्ड इन सभी विषयों पर लीड ले सकता है। राज्यपाल ने कहा कि यह जनता के लिए पारदर्शिता, पहुंच और सूचना का निर्बाध प्रसार सुनिश्चित करने के साथ ही सेवाओं की डोरस्टेप डिलीवरी की दिशा में एक बड़ा कदम है। राज्यपाल ने अनेक नई विशेषताओं से युक्त इस वेबसाइट को विकसित करने के लिए कुमाऊं विश्वविद्यालय में ई.आर.पी. सेल के प्रभारी श्री के.के.पांडेय और उनकी पूरी टीम को बधाई दी।

# सीएम ने दिये सेब एवं कीवी उत्पादक क्षेत्रों का चिन्हीकरण करने के निर्देश

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को कैम्प कार्यालय में सेब की खेती एवं कीवी मिशन की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बागवानी विकास की योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए मिशन मोड में कार्य किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में मजबूत इच्छा शक्ति के साथ प्रदेश हित को भी ध्यान में रखा जाए। उन्होंने प्रदेश में सेब एवं कीवी उत्पादक क्षेत्रों का चिन्हीकरण कर इससे जुड़े किसानों की समस्याओं को त्वरित ढंग से समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित बैठकों को मात्र कोरम पूरा करने का माध्यम नहीं बल्कि योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित करने का माध्यम बनाया जाए। उन्होंने 15 दिन के बाद इस संबंध में पुन: समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने कहा कि हिमाचल की भांति हमारे प्रदेश का किसान भी सेब एवं कीवी उत्पादन में अग्रणी बने तथा उनकी आर्थिकी बढ़े, इसके लिए प्रदेश में सेब उत्पादक क्षेत्रों के चिन्हीकरण, भूमि की उत्पादन क्षमता और अच्छी किस्म की पौधों की किसानों तक उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि हमारा किसान रोजगार देने वाला भी बने, इस दिशा में कारगर ढंग से कार्य होना चाहिए। उन्होंने इसके लिए किसानों को आय का लक्ष्य रखा है , जिसकी प्राप्ति के लिए हमें वर्षवार उत्पादन क्षमता के निर्धारण पर भी ध्यान देना होगा। उन्होंने सेब एवं कीवी उत्पादन क्षेत्रों में कोल्ड स्टोरेज के प्रस्ताव भी तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में कैबिनेट मंत्री श्री गणेश



प्रशिक्षण के साथ ही जागरूक करने और उत्पादों के बेहतर विपणन की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमने 2030 तक बागवानी क्षेत्र में 3 हजार करोड़ रुपये की जोशी, सचिव मुख्यमंत्री श्री विनय शंकर पाण्डेय, सचिव श्री दीपेन्द्र कुमार चौधरी, अपर सचिव श्री रणवीर सिंह चौहान, निदेशक उद्यान श्री एच.एस. बवेजा के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




# वरिष्ठ भाजपा नेताओं को पगड़ी पहनाकर किया सम्मानित

## रूद्रपुर में महासम्पर्क अभियान के तहत वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन का किया आयोजन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 9 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर पर राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर चलाये जा रहे महासम्पर्क अभियान कार्यक्रम के निमित रुद्रपुर विधानसभा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन सिटी क्लब में किया गया। जिसमें रुद्रपुर क्षेत्र में भाजपा के स्तम्भ कहे जाने वाले जिन्होंने रुद्रपुर व उसके आस पास के क्षेत्र खड़ा किया ऐसे वरिष्ठ जनों को भाजपा द्वारा महासम्पर्क अभियान के निमित समान्नित करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर हुआ जिसमें स्वागत भाषण भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल द्वारा किया गया। वही कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आये पूर्व विधायक लालकुआ नवीन दुमका द्वारा कार्यक्रम में अपने विचार रखे उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी वाली केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर यह एक माह का पर्व जो भाजपा भिन्न भिन्न कार्यक्रम के माध्यम से जनता के बीच जाकर माना रही है उसके चलते वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें निश्चित रूप से यह है सुखद पहल है जो पुराने कार्यकर्ता का पार्टी के साथ जुड़ाव बना





रहे उसके लिये यह एक अच्छा माध्यम है। इस दौरान कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने भी अपने विचार रखे उन्होंने कहा आने वाले यह वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन जिसमे सभी वरिष्ठजनों को पगड़ी ओर पटका पहनाकर अभिवादन किया गया विधायक बोले यह हमारी पार्टी की नींव है जिनके पदचिन्हों पर चलकर आज भाजपा देश की सबसे बडी पार्टी बनी है उनकी अथक मेहनत पर परिश्रम के चलते केंद्र से लेकर अनेको प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार हैं, विधायक शिव अरोरा ने कहा भाजपा अपने हर कार्यकर्ता का सम्मान करती हैं और केंद्र सरकार के 9 साल पूरे होने पर आयोजित यह सम्पर्क अभियान के तहत वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया। देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल को सराहा है और आने वाले 2024 के चुनाव पुनः देश की जनता अपना आशीर्वाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देगी और भारत विकास की स्वर्णिम गाथा लिखेगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, संघ के वरिष्ठ अधिकारी स्नेह पाल, जिला महामंत्री अमित नारंग, मेयर रामपाल, यशपाल घई , कस्तूरीलाल तगरा मण्डल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, हरीश भट्ट , धीरेश गुप्ता, , पवन अग्रवाल, कीमती राणा, आनत राम, वेद ठुकराल, ओम ठुकराल, उत्तम दत्ता, रामप्रकाश गुप्ता, अनिल चौहान, सुनील ठुकराल, ,सोनू अनेजा, राजेश जग्गा, शालनी बोरा, नरेश ग्रोवर, नरेश सागर, धीरेंद्र मिश्रा, राजेश जग्गा, हरीश सुखीजा, मयंक कक्कड़, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अल्पसंख्यकों का सर्वांगीण विकास कर रही मोदी सरकार: इंतजार हुसैन


गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन ने गुरुवार को डोंगपुरी में अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सैफ अली के आवास पर मंच की अध्यक्षता करते हुए कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार अल्पसंख्यकों के



सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। वहीं, भाजपा मुस्लिम समाज के राजनीतिक पिछड़ेपन को दूर कर रही है। और कहा कि भाजपा के स्थापना काल से ही अल्पसंख्यक समाज इसके साथ जुड़ा रहा है। वास्तव में भाजपा ने अल्पसंख्यक समाज की राजनीतिक, आर्थिक, शैक्षणिक भागीदारी बढ़ाने में दूसरों की तुलना में अधिक काम किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने भी मुस्लिम समाज को सशक्त बनाने के लिए कई काम किए हैं। ।सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत हुए सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा काशीपुर हाजी रिजवान हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का भूतपूर्व विकास हुआ है।हाजी रिजवान हुसैन ने और कहा कि अल्पसंख्यक समाज का विश्वास मोदी सरकार के प्रति बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अल्पसंख्यक समाज और उनके विकास के लिए पूर्ण रूप से कटिबद्ध है।मंच का संचालन यासीन शेख द्वारा करते हुए मंच पर बैठे सभी लोगों का फूल मालाओं के साथ स्वागत कर सम्मानित किया गया। वही अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सैफ अली ने मंच का समापन करते हुए आए हुए सभी लोगों का धन्यवाद किया। इस मौके पर इन्तजार हुसैन प्रदेश अध्यक्ष, गुलाम मुस्तफा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, हाजी रिजवान हुसैन जिला अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा,शाहनूर अली जिला मीडिया प्रभारी काशीपुर, हिमांशु सरकार जिला प्रभारी, इब्ने अली सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी, सैफ अली नेता मण्डल अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा गदरपुर, धर्मेंद्र सिंह लहरी मण्डल अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा दिनेशपुर, सुरेश खुराना, मण्डल अध्यक्ष भाजपा गदरपुर, रईश अहमद मण्डल अध्यक्ष महुआखेड़ागंज, फराहनाज जिला कार्यकारिणी सदस्य, शबाना खान जिला उपाध्यक्ष, शमीना सिद्दीकी प्रदेश मंत्री, तस्लीम जहां, शबाना सुलेमानी मण्डल महामंत्री, शबाना खान, फूल जहां, यासीन सेख जिला महामंत्री, नवाब चौधरी जिला महामंत्री सहित सैकड़ों की तादाद में मुस्लिम महिलाओं की उपस्थिति रही।

# चुघ परिवार ने वृंदावन में संतो का लिया आर्शीवाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने सपरिवार श्री वृन्दावन धाम पहुंचकर देश के विख्यात संत स्वामी प्रेमानंद जी महाराज, संत विनोद बाबा जी एवं संत रमेश बाबा जी से आर्शीवाद प्राप्त किया। इस मौके पर स्वामी प्रेमानंद जी ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं का मार्ग दर्शन करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को अभिमान, ईर्ष्या, द्वेष, दुर्व्यवहार व हर बुराईयों से दूर रहकर सामाजिक कार्यों में अपना जीवन समर्पित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक कुरीतियों तथा बुराईयों के विरुद्ध सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। स्वामी प्रेमानंद जी ने कहा कि ईश्वर द्वारा प्रदत्त इस मानव देह का दूसरों की भलाई में उपयोग कर दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए। हर व्यक्ति वास्तव में धन दौलत से नहीं बल्कि अपने कर्मो से बड़ा होता है। क्योंकि पैसा नाशवान है जबकि अच्छे कर्म मनुष्य के मरणोपरांत भी लोगों द्वारा याद किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि अपनी नेक कमाई से एक अंश दान व पुण्य कार्यों के लिए अवश्य निकलना चाहिए। इससे कारोबार में हमेशा बरकत बनी रहती है। उन्होंने कहा कि बेईमानी करके कमाया धन और उसमें से जो आधा धन दान पुण्य कार्य





करने जाते हैं तो वह किसी काम का नहीं होता उल्टा जिसको दिया जाता है उसको भी खराब करता है। आर्शीवाद लेने वालों में भारत भूषण चुघ के साथ पिता चुन्नी लाल चुघ, पत्नी कनिका चुघ, पुत्री नाव्या चुघ, पुत्र नमन चुघ समाजसेवी राजेश छाबड़ा, कमल छाबड़ा आदि शामिल थे। चुघ परिवार ने बांके बिहारी मंदिर, राधा बल्लभ मंदिर, राधा रानी मंदिर बरसाना के दर्शन कर के साथ ही एशिया की सबसे बड़ी गौशाला के संस्थापक परमपूज्य रमेश बाबा जी तथा बरसाना में देश के वरिष्ठ संत विनोद बाबा के दर्शन कर उनका आर्शीवाद प्राप्त किया।

# भाजपा के राज में महंगाई और बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त : करन माहरा

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद,उपचुनाव की तैयारियों में जुटने की अपील

बागेश्वर(उद संवाददाता)। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ जनमिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, नगर के प्रतिष्ठित बैंकेट हाल चंडिका बैंकेट हॉल में आयोजित बैठक में संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि प्रदेश में आज विचारधारा की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कार्यकर्त्ताओं से नेताओ के साथ नही विचारधारा के साथ चलने का आह्वान किया। कहा की आगामी उपचुनाव, बेरोजगारी,भ्रष्टाचार, हत्या,लोकतंत्र में हिटलरशाही और बेटियों की अस्मिता की सुरक्षा को लेकर लड़ा जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा की भाजपा सरकार में महंगाई चरम पर है। रोजगार के नाम पर भ्रष्टाचार की खुली लूट चल रही है। इसके खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आवाज उठानी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार के खिलाफ जनहित के मुद्दे उठाने पर उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज हो रहे है। जबकि देश के लिए मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों के साथ दुष्कर्म कर उन्हें सड़को पर पीटा जा रहा है। उसके लिए





सरकार अपने सांसद पर कार्यवाही करने की जगह खिलाड़ियों पर दबाब बनाया जा रहा है। भाजपा के सत्ता में आते ही राशन, मिट्टी तेल, चीनी गायब है। लेकिन गली गली में शराब की दुकानें खोली जा रही है। वही प्रदेश में खनन माफिया सक्रिय होकर खनन कार्य कर रहे है,वही नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा की भाजपा सरकार को गरीबी मंहगाई और बेरोजगारी से कोई मतलब नहीं है। भाजपा सरकार देश को तोड़ने की सोच रही है। लोकतांत्रिक व्यवस्था को खत्म कर हिटलरशाही करने पर तुली है। आज गलत को गलत कहने वालो को जेल में डाला जा रहा है। देश को धर्म जाति सम्प्रदाय के आधार पर बाटने का काम किया जा रहा है। अच्छे दिन के नारे देने वाली सरकार आज अच्छे दिन के नाम पर गरीबों को और गरीब करने का काम कर रही है। कहा कि आज देश गंभीर चुनोती से गुजर रहा है। प्रजातंत्र के नाम पर खुली लूट मची हुई है। विकास के दावे करने वाली सरकार देश के सरकारी संस्थाओं को बेच कर अपने चहेतों से मिलीभगत कर बेरोजगारों की मेहनत की कमाई में डाकेमरी करने का काम कर रही है। कहा कि उत्तराखंड के युवाओं का एक मात्र सपना सेना में भर्ती होना था। जिसे भी भाजपा ने खत्म कर दिया। अतिक्रमण के नाम पर वर्षो से रह रहे बसावट को हटाया जा रहा है।राज्य में 70 प्रतिशत क्षेत्रफल वन भूमि में दर्ज है जबकि अधिकतर हिस्सा राज्य सरकार की भूमि है, सरकार न्यायालय नदियों में मशीनों से खनन पर रोक क्व आदेश दे रही है, पर एक तरफ बंदी दूसरी तरफ अधिकारियों को मौखिक तौर पर खनन माफियाओं से मिलीभगत कर मोटी कमाई और सरकार को राजस्व हानि कर अपनी जेबें भरने का काम सरकार कर रही हैं, जिसके खिलाफ कांग्रेस आंदोलनरत है। इस अवसर पर पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, अनुसूचित मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन लाल, पूर्व दर्जा मंत्री राजेन्द्र टँगड़िया, गोविंद बिष्ट, लोकमणि पाठक,रणजीत दास, कवि जोशी,सुनील भंडारी, नवल टम्टा, नंदी भंडारी, गिरीश कोरंगा, दीपक गड़िया, केवल जोशी, भुवन पाठक, दीपक काण्डपाल, हरीश धपोला, कवि जोशी, सुनील पांडेय, किशन कठायत, ललित बिष्ट, आदि मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भगत डसीला संचालन गोपा धपोला ने किया।

# शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी

शिक्षा मनुष्य के जीवन का सबसे कीमती तोहफा है, जो व्यक्ति के जीवन की दिश और दशा दोनों बदल देती है और संस्कार मनुष्य के जीवन का सार हैं। अच्छे संस्कारों द्वारा ही मनुष्य के व्यक्तित्व का निर्माण और विकास होता है और जब मनुष्य में शिक्षा और संस्कार दोनों का विकास होगा, तभी वह परिवार,



समाज और देश का विकास कर सकेगा। परन्तु आज के समय में शिक्षा सिर्फ किताबी ज्ञान तक ही सीमित रह गई है, जबकि शिक्षा का असली उद्देश्य चारित्रिक ज्ञान है, जो आज की इस भागदौड़ वाली जिंदगी में हम भूल चुके हैं। आज के माता-पिता और शिक्षकों का यह कर्त्तव्य् होना चाहिए कि बच्चों को सदा सच्चाई के मार्ग पर चलना सिखाएं, उन्हें दूसरों की मदद के लिए प्रेरित करें, माता-पिता, शिक्षक और बड़ों का सम्मान करना सिखाएं, ईश्वर पर विश्वास रखना सिखाएं, उन्हें सहनशील, कर्त्तव्यनिष्ठ बनाएं तथा सभी से प्रेमपूर्वक व्यवहार करना सिखाएं। मनुष्य अपने जीवन में जो डिग्री हासिल करता है वह सिर्फ एक कागज का टुकड़ा मात्र है, जबकि व्यक्ति की असली डिग्री उसके संस्कार है, जो उसके व्यवहार में झलकते हैं। प्राचीन काल से ही भारत में संस्कारों का पाठ पढ़ाया जा रहा है। विद्यार्थी को सबसे पहले मातृदेवो भव, पितृदेवो भव, आचार्य देवो भव एवं अतिथि देवोभव की शिक्षा दी जाती थी, ताकि वह उम्रभर नेकी के रास्ते पर चल कर एक मर्यादित इंसान बने और अपने बड़ों का नाम रोशन करे, लेकिन आज की स्थिति बहुत गंभीर हो चुकी है। आज का विद्यार्थी भौतिकवादी प्रवृत्ति का बन चुका है। वह केवल पढ़ाई इसलिए करता है ताकि आने वाले समय में अपने जीवन में कुछ पैसे कमा सके। संस्कार उसको बाजारी शिक्षा से नहीं, बल्कि संस्कारों की शिक्षा से मिलेंगे और वह शिक्षा उसको अपने घर पर ही मिलेगी। पिछले दिनों सोशल मीडिया पर एक पुलिस अधिकारी की अपने पुराने स्कूल में शिक्षिका के पैर छूते हुए तस्वीर काफी वायरल हुई थी। स्पष्ट था कि पुलिस अफसर बने छात्र ने अपने गुरू का मान रखा। उसने पढ़ाई के साथ संस्कारों के रास्ते को भी चुना था। प्राचीन समय में बच्चों को गुरू के आश्रम में शिक्षा के लिए भेजा जाता था। उस समय बालक पर पढ़ाई का किसी प्रकार का बोझ न डाल कर संस्कारों की शिक्षा दी जाती थी, क्योंकि मनुष्य के जीवन में संस्कार ही वह संपत्ति है, जो मनुष्य को एक सफल नागरिक बनाती है। बच्चे को अगर उपहार न दिए जाएं तो वह कुछ समय तक रोएगा लेकिन अगर संस्कार न दिए जाएँ तो वह जीवन भर रोएगा। शिक्षा लेना और शिक्षा खरीदना दो अलग-अलग विषय हैं शिक्षा लेने पर संस्कार मिलते हैं, जबकि शिक्षा खरीदने पर विद्यार्थी सेवा का उपभोक्ता बन जाता है। ठीक उसी प्रकार, जब उपभोक्ता किसी वस्तु को खरीदेगा, तो उसका मोल-भाव करेगा ही। यह भी देखा जाता है कि माता-पिता अपने बच्चे को उसी कोचिंग सैंटर में दाखिला दिलवाते हैं जिसकी फीस अधिक होती है। उनके अनुसार विद्या के वही सबसे अच्छे मंदिर है। उनको इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि उनका बच्चा वहां कैसी शिक्षा हासिल कर रहा है। क्या उसको वहां नैतिकता की शिक्षा मिल रही है? जवाब शायद न होगा। जिस विद्या से सिर्फ आजीविका चलाना सिखाया जाए और रट कर अंक लाए जाएं, वहां मानवीय मूल्यों और संस्कारों की शिक्षा का विचार करना दिन में सपने देखने जैसा है। अभिभावकों को मालूम नहीं है कि कोचिंग सैंटरों से निकला बच्चा मोटी तनख्वाह तो हासिल कर लेगा, लेकिन वह संस्कार कहां से लेगा, जो गुरूकुल में मिलते थे, अपने घर के बड़े-बुजुर्गो से व घर पर आए मेहमानों एवं आस-पड़ोस के लोगों से मिलते थे। आज का विद्यार्थी उच्च शिक्षा हासिल करके अहंकारी बनता जा रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि आप कितनी ही उच्च शिक्षा हासिल क्यों न कर लो, जब तक आपके संस्कार उच्च नहीं होंगे,आप जीती हुई बाजी भी हार जाओगे क्योंकि व्यवहार मनुष्य का एक ऐसा गुण है जिससे दुश्मन को भी अपना बनाया जा सकता है और आज के विद्यार्थियों में इसी गुण की कमी सबसे अधिक दिखाई देती है। आज के विद्यार्थी में वे संस्कार नहीं है, जो देश और समाज का कल्याण कर सकें। भ्रष्ट आचरण का कारण भी शायद इसी प्रकार की संस्कारहीन शिक्षा है, जो समाज में व्यक्ति को सिर्फ धन अर्जन करने के लिए मजबूर करती है। शिक्षा का बाजारीकरण होने से उस पैसे को वापस पाने की चाहत में उसका आचरण भ्रष्ट होता जा रहा है। अत: मनुष्य के जीवन में पढ़ाई ही सब कुछ नहीं, संस्कारों का भी महत्वपूण स्थान है और संस्कार कहीं से खरीदे नहीं जाते। संस्कार किसी बड़े शिक्षा केंद्र या बाजार में किसी दुकान पर भी नहीं मिलते, बल्कि अच्छे संस्कार तो बच्चों को परिवार, अच्छे स्कूल व अच्छे वातावरण में रहकर ही मिलते हैं।

**प्रस्तुति-नरेश कुमार सेठ, रूद्रपुर**

# विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है भाजपा : धामी

रूड़की। सीएम पुष्कर सिंह गुरूवार को रुड़की पहुंचे। सीएम धामी ने भाजपा के जिला कार्यालय का शिलान्यास किया। सीएम धामी ने कहा कि भाजपा कार्यालय नौ महीने में बनकर तैयार हो जाएगा। सीएम धामी गुरूवार को रुड़की पहुंचे। सीएम के रुड़की पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। सीएम धामी ने यहां भाजपा के जिला कार्यालय का पूजा पाठ के साथ शिलान्यास किया।इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आज लंबे समय बाद भाजपा कार्यालय का भूमि पूजन शिलान्यास हुआ है। नौ महीने में ये पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा।सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। जिसने भारत के गौरव को बढ़ाने का काम किया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन में नेता नहीं बल्कि विचारधारा बड़ी होती है। भाजपा आज पूरी दुनिया का सबसे बड़ा दल बन चुका है।सीएम धामी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारों में राष्ट्र निर्माण और देश पहले स्थान पर रहा है। देश में भाजपा का लगातार विस्तार हो रहा है और इसका कारण पार्टी के कार्यकर्ता हैं। पीएम मोदी के आहवान पर एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को कामयाब करना है।आज पूरी दुनिया में भारत का मान सम्मान बढ़ा है। देश के प्रधानमंत्री मोदी का विश्व के देशों में सम्मान बढ़ा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दुनिया पीएम मोदी का स्वागत कर रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई-नई ऊंचाइयों को छू रहा है।



# सभी विभागों को दिये पूँजीगत परिव्यय में वृद्धि के निर्देश

देहरादून (उद संवाददाता)। अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन ने सचिवालय में कृषि, ग्रामीण विकास, पशुपालन, राज्य सम्पति, आपदा प्रबन्धन, न्याय, मत्स्य पालन, पंचायती राज, गन्ना विकास, राजस्व, कोषागार, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, वित्त समेत विभिन्न विभागों के पूंजी परिव्यय तथा पूँजीगत योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को पूँजीगत परिव्यय में वृद्धि के निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग सितम्बर माह तक 50 प्रतिशत व्यय के लक्ष्य को पूरा करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूँजीगत परिव्यय की नियमित समीक्षा की जाएगी। ।ै ने सचिव वित्त को निर्देश दिए की जिन विभागों का अपने बजट प्रावधान के सापेक्ष शून्य प्रतिशत जारी राशि तथा परिव्यय रहा है उनकों शीघ्र कार्यवाही हेतु पत्र भेजे जाएं। उन्होंने सभी विभागों को अपने रिलीज बजट तथा परिव्यय का प्रतिमाह का लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरा करने के सख्त निर्देश दिए हैं। बैठक में सचिव वित्त श्री दिलीप जावलकर, सचिव आपदा प्रबन्धन डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, सचिव पशुपालन डॉ. बी.वी.आर. सी. पुरूषोत्तम तथा अन्य सम्बन्धित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।



# समाज के लिए प्रेरणादायक बने अमीरुल हसन

गदरपुर (उद संवाददाता)।क्षेत्र के युवा समाजसेवी अमीरुल हसन ने



मुस्लिम समाज की भावनाओं की कद्र करते हुए नेत्रदान का प्रेरणादायक संकल्प लेने का काम किया। उत्तर प्रदेश के गोविंदपुर गांव में लगे प्रभु नेत्रालय की ओर से नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र पाल सिंह पाटू द्वारा समाजसेवा के प्रति जागरूक रहने के उद्देश्य से गोविंदपुर ग्रामसभा के सिंह सभा गुरुद्वारे में नेत्र जांच शिविर का आयोजन कराया गया जहां ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपने नेत्रों की जांच कराई। सुरेंद्र पाल सिंह पाटू ने बताया प्रभु नेत्रालय के माध्यम से इस शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें निशुल्क दवाइयां निशुल्क जांच एवं मोतियाबिंद के आयुष्मान कार्ड से निशुल्क ऑपरेशन भी किए जाएंगे जिससे लोगों को समय रहते अपने नेत्रों की परेशानियों से निजात मिलेगी। इस शिविर में पहुंचे युवा समाजसेवी अमीरुल हसन ने मुस्लिम समाज में जागरूकता और समाज के प्रति समर्पित रहने के संदेश को देते हुए मृत्यु उपरांत नेत्रदान किए जाने का प्रण लिया। साथ ही उन्होंने कहा पहले मुस्लिम समाज रक्तदान शिविर में भी रक्तदान करते हुए हिचकता था एवं ऐतराज करता था लेकिन समाज में बढ़ रही विपअदाओं के चलते आज मुस्लिम समाज स्वयं रक्तदान शिविर के बड़े-बड़े आयोजन करता है। समाज के निमित्त उनकी यह पहल समाज में अलख जगाएगी और उन्हें आशा है मुस्लिम समाज नेत्रदान के प्रति भी जागरूक होकर मृत्यु उपरांत नेत्रदान करने के लिए आगे बढ़ेगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान अमरजीत सिंह, अनिल ईशपूजानी, अरुण ईशपूजानी, चिराग, तेजस सिंह ,अजय गाबा,गोल्डी खेड़ा सहित अन्य समाजसेवी एवं ग्रामीण लोग मौजूद रहे।।

# एसबीआई ने विस्थापितों को राहत और पुनर्वास के लिए सौंपा दो करोड़ का चैक

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से गुरूवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, नई दिल्ली मण्डल के मुख्य महाप्रबंधक श्री कल्पेश कृ. अवासिया ने भेंट कर जोशीमठ में भू-धंसाव वाले क्षेत्र में विस्थापित लोगों के राहत और पुनर्वास के लिए 02 करोड़ रूपये का चेक सौंपा।



मुख्यमंत्री ने सहयोग राशि के लिए भारतीय स्टेट बैंक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य के चिन्हित चार वाइब्रेंट विलेज माणा, नीति, मलारी एवं गूंजी में अवस्थापना विकास से संबंधित अनेक कार्य किये जाने हैं, इसके लिए भी एसबीआई से सहयोग अपेक्षित है। इस अवसर पर एस.बी.आई. के उत्तराखण्ड अंचल के उप महाप्रबंधक श्री राजकुमार सिंह एवं श्री अमरेन्द्र कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

# उत्तराखंड में 20 जून तक पहुंच सकता है मानसून

देहरादून। उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में शुक्रवार को भी बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बारिश के साथ तेज गर्जन और आकाशीय बिजली चमकने की संभावना जताई है। हालांकि, मैदानी इलाकों में मौसम साफ रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के निदेशक ब्रिकम सिंह ने बताया कि शुक्रवार को पर्वतीय इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना है। वहीं, 10 से 12 जून तक पर्वतीय इलाकों में बारिश का येलो अलर्ट जारी है। हिदायत देते हुए कहा कि मौसम खराब और तेज झोंकेदार हवाएं चलने के दौरान खुले स्थान की बजाए पक्के मकान में रहें। भारत में बृहस्पतिवार को मानसून ने केरल में प्रवेश किया। जबकि उत्तराखंड में इस साल पांच दिन देरी से मानसून आएगा। बिक्रम सिंह ने बताया कि इस साल मानसून ने पांच दिन की देरी से प्रवेश किया है। सामान्य रफ्तार से मानसून आएगा तो उत्तराखंड में 20 से 25 जून को मानसून आएगा। हालांकि, इससे पहले मौसम में कुछ एक दिन परिवर्तन देखने को मिलेंगे। जिससे गर्मी का अहसास कम होगा।पश्चिमी विक्षोभ गुजरने के बाद एक बार फिर मौसम ने अपने तेवर गर्म कर दिए हैं। बृहस्पतिवार को अधिकतम पारा 2 डिग्री सेल्सियस तक चढ़ गया। हालांकि, अरब सागर से आ रही नमी के चलते रात के तापमान में गिरावट हुई है। मौसम विभाग की मानें तो अगले कुछ दिनों दून के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। बीते दो दिनों में तापमान में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि जून के महीने में अगले कुछ दिनों तक गर्मी रहेगी। हालांकि, पहाड़ों पर मौसम बदलने पर इसका असर मैदानी इलाकों पर भी देखने को मिलेगा।

# बदमाशों ने तमंचे के बल पर लाखों के जेवर लूटे, फरार

रूड़की। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के गणेशपुर में देर रात तीन हथियारबंद बदमाश एक घर में घुस आए। बदमाशों ने तमंचे के बल पर डेढ़ लाख की नगदी समेत जेवर लेकर फरार हो गए। मकान मालिक संदेश ने बताया कि वह अपने कमरे में बैठ कर कुछ पढ़ रहे थे, कि तभी उनके मां की चीखने की आवाज आई। आवाज सुन वह मौके की तरफ भागे। वहां बदमाशों ने पहले उनकी मां के सिर



पर तमंचा मारा जिससे उनके सिर में खून बहने लगा। वहीं, छोटे बच्चे के सिर पर भी तमंचा लगा दिया। बदमाशों ने भयभीत करते हुए नगदी जेवर लूट लिए, और फरार हो गए। जैसे ही वे बाहर देखने गए तो आसपास के लोगों को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही भाजपा के साथ कांग्रेस के कई कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। साथ ही गंगनहर कोतवाली पहुंचकर बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कोतवाली में जमकर हंगामा किया।बताया जा रहा है कि बदमाश बड़ी वारदात को अंजाम देना चाहते थे लेकिन शोर मचाने और आसपास के लोगों को आता देख वे फरार हो गए। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। कोतवाली प्रभारी बीएल भारती ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। उधर, एसपी देहात एसके सिंह ने घटना स्थल का मुआयना किया है।

# भाजपा महात्मा गांधी के हत्यारे गौडसे को देशप्रेमी बता रही : माहरा

बागेश्वर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने गुरूवार को मीडिया से वार्ता के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं उत्तराखंड के पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत की कथित एक टिप्पणी पर कड़ा ऐतराज व्यक्त करते हुए कहा कि आज देश के युवा बेरोजगारी से त्रस्त है,भाजपा महात्मा गांधी के हत्यारे गौडसे को देशप्रेमी बता रही है, सत्ता पक्ष के खिलाफ आवाज उठाने पर राहुल गांधी की हिटलरशाही नीति से लोकसभा सदस्यता समाप्त कर खुलेआम भाजपा सरकार ने लोकतंत्र की हत्या की है,राज्य में भी भ्रस्टाचार चरम पर है। जोशीमठ में आ रही प्राकतिक आपदा से अभी सरकार नही चेती है,काला धन वापस करने के झूठे दावे,हर खाते में15लाख आने का झूठा दावा अब तक मात्र शिगूफा निकला है। काश्तकारों को हल्दी और अदरक के बीज उपलब्ध नही करा पाने, प्रदेश में खनन, शराब और नकलमाफियाओ का राज चलने, प्रदेश में अस्थिरता का माहौल ,राज्य में भर्ती घोटाले, पेपर लीक करवाने वाली भाजपा सरकार को सड़क से लेकर सदन तक घेराव करने की बात प्रदेश अध्यक्ष ने प्रेस वार्ता में कही। वही सत्ता में वापस लौटते ही गैस के दाम में कटौती, और महंगाई से निजात दिलाने का दावा किया। एक सवाल में कहा कि सरकार का बोल्डर विपक्षियों पर ही चल रहा है, कांग्रेस सरकारआते ही खनन माफियाओ पर चलेगा सरकार का बुलडोजर चलाया जाएगा, कहा कि अच्छी शिक्षा,अच्छा स्वास्थ्य, देना सरकार का लक्ष्य होता है पर सरकार केवल भृस्टाचारियो को संरक्षण दे रही है,पुरानी पेंशन योजना बंद कर सरकारी कर्मियों को परेशान किया जा रहा है।वहीं बागेश्वर में रिक्त सीट पर उपचुनाव को लेकर भी प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि रणनीति तैयार की जा रही है। उपचुनाव में अलग अलग स्तर से पैनल बनाकर मजबूत प्रत्यासी मैदान में उतारा जाएगा। सरकार की कथनी और करनी में भ्रस्टाचार का अंश बताया। मंत्री सड़को पर खुलेआम मारपीट कर रहे हैं कोई सुध लेवा नही है, वही कुछ नाराज नेताओं को मनाने के सवाल पर कहा कि,भविष्य के गर्त में छुपे नाराज नेता खुद निर्णय लें, सत्ता कभी भी स्थाई नही रही है, वही आगामी उपचुनाव में मजबूती से जनता के बीच सत्ता पक्ष के खिलाफ जनमत में भागीदारी कर जीत हासिल करने की बात कही।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा** **समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)



आइऐ **रक्तदान** कीजिए

और एक हीरो सा फील कीजिए

# स्व. संदीप संधू जी

## की स्मृति में

# 12वां रक्तदान शिविर



दिनांक 10 जून 2023, शनिवार

समय प्रातः 9 बजे से

स्थान सरकारी ब्लड बैंक, किच्छा रोड, रुद्रपुर

संपर्क सूत्र : लखबीर सिंह लक्खा 9917870000, सुशील गाबा 9568220000

**निवेदक : समस्त मित्रगण, युवाशक्ति व छात्रशक्ति**